27.04.2024 | आकाशवाणी जयपुर–अजमेर | समय 1830

प्रादेशिक समाचार

- राज्य में लोकसभा चुनाव में कुल मतदान 62 दशमलव 10 प्रतिशत रहा– 8 निर्वाचन क्षेत्रों में पुरूषों के मुकाबले महिलाओं ने अधिक मतदान किया।

- राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा –स्कूल–कॉलेज और उच्च शिक्षा में पढ़ाई की बोझिलता दूर करने के लिए काम करने की जरूरत।

- प्रदेश में गर्मी के मद्दे नजर मनरेगा कार्यों का समय 1 मई से सुबह 6 बजे से दोपहर एक बजे तक रहेगा।

- राज्य के कुछ हिस्सों में दिन के तापमान में बढोतरी जारी– अलवर, करौली, धौलपुर और गंगानगर में पारा 42 डिग्री या अधिक रिकॉर्ड किया गया।

000

राज्य के 25 लोकसभा क्षेत्रों में हुए चुनाव में इस बार कुल 62 दशमलव 10 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है। इसमें महिलाओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। पात्र महिला मतदाताओं में से 60 दशमलव 72 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया। महिलाओं की ओर से सबसे ज्यादा प्रतिशत 75 दशमलव 75 बांसवाड़ा संसदीय सीट पर रहा जबकि करौली–धौलपुर में सबसे कम 47 दशमलव 66 प्रतिशत महिलाओं ने वोट दिया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस बार बाड़मेर, कोटा और बांसवाड़ा निर्वाचन क्षेत्रों मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने बताया कि 8 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में पुरूषों के मुकाबले महिलाओं का मतदान प्रतिशत अधिक रहा है। पहले चरण में चूरु, झुंझनू और सीकर में जबकि दूसरे चरण में उदयपुर, राजसमंद, बांसवाड़ा, जालौर और पाली में पुरूषों के मुकाबले महिलाओं का मतदान प्रतिशत अधिक रहा है। पुरूष मतदाताओं का प्रतिशत 62 दशमलव 27 रहा। बाड़मेर में सबसे ज्यादा 76 दशमलव 54 प्रतिशत जबकि करौली–धौलपुर में सबसे कम 51 दशमलव 25 प्रतिशत पुरूष मतदाता वोट दिया। इस चुनाव में ट्रांसजेंडर मतदाताओं की भागीदारी भी नअर आयी। कुल 628 ट्रंसजेंडर मतदाताओं में से तीन सौ तैंतीस ने वोट डाले। इस तरह 53 दशमलव 03 प्रतिशत ट्रांसजेंडर ने वोट डाले। गंगानगर में सबसे ज्यादा 43 ट्रांसजेंडर मतदाता जबकि बाडमेर में सबसे कम दो ट्रांसजेंडर मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया।

000

राज्य में लोकसभा की सभी 25 सीटों पर मतदान के साथ ही कुल 266 प्रत्याशियों के चुनावी भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद हो गया है। चार जून को मतगणना वाले दिन ईवीएम खोली जाएंगी और 18वीं लोकसभा के लिए चुने गये सांसदों का परिणाम सामने आएगा। ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को संबंधित जिलों में कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्राँग रूम में रखवाया गया है।

000

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि स्कूल–कॉलेज और उच्च शिक्षा में पढ़ाई की बोझिलता को दूर करने के लिए काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा में जो नये बदलाव हो रहे हैं, उनको शामिल करते हुए नई शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में अध्यापन को प्रभावी बनाया जाये। श्री मिश्र आज जयपुर में महात्मा गांधी चिकित्सा विज्ञान और टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय में आयोजित 'फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम' में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सीखना और सिखाना सतत प्रक्रिया है और उसे रूचिकर बनाया जाना चाहिये। श्री मिश्र ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य तकनीक का समावेश किया जाये। राज्यपाल ने कहा कि शैक्षिक नवाचारों को जितना अधिक हम अपनाएंगे उतना ही हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के रास्ते खुलते चले जाएंगे।

000

शिक्षा विभाग ने 30 अप्रैल से शुरू हो रही 5वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली है। इस परीक्षा के प्रश्न पत्रों को पूरी सुरक्षा के साथ रखा जाएगा। विभाग के निर्देशों के अनुसार पेपर की अलमारी की चाबी केंद्राधीक्षक और अतिरिक्त केंद्राधीक्षक के पास अलग अलग रहेगी। दोनों की मौजूदगी में ही अलमारी खोली जा सकेगी। परीक्षा शुरू होने से 15 मिनट पहले ही पेपर के लिफाफों को खोला जा सकेगा।

000

राज्य सरकार ने गर्मी के मद्दे नजर मनरेगा कार्यों के समय में बदलाव किया है। अब मनरेगा कार्यों का समय एक मई से आगामी 15 जुलाई तक के लिये सुबह 6 बजे से दोपहर एक बजे तक रहेगा। इस अवधि के बाद कार्यों का समय जिला कलेक्टर अपने स्तर पर निर्धारित कर सकेंगे।

000

गोपालन विभाग ने गर्मी तथा लू के प्रकोप से गौशालाओं में गौवंश को बचाने के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी की है। विभाग की निदेशक डॉ. शालिनी शर्मा ने बताया कि गौशालाओं को गौवंश के लिए पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी, चारा, भूसा, अन्य पशु आहार और गौवंश को गर्मी तथा लू से बचाने के लिए छाया की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये गए हैं। साथ ही उन्हें बीमार, कमजोर और गर्भवती गौवंश की उचित देखभाल की व्यवस्था करने को भी कहा गया है। उन्होंने बताया कि मृत गौवंश के उचित निस्तारण के लिये भी विभाग ने दिशा–निर्देश जारी किये हैं।

0000

धौलपुर शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में सागरपाड़ा मोहल्ले में एक निर्माणाधीन मकान का छज्जा टूटकर गिरने से 11 लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल में ईलाज के लिऐ पहुंचाया गया, जहाँ ट्रोमा वार्ड में उनका ईलाज जारी है।

000

धौलपुर के सदरथाना में राष्ट्रीय राजमार्ग पर आदर्श नगर के पास बारात ले जा रही एक पिकअप बेकाबू होकर खेत में पलट गई। हादसे में दूल्हे के पिता सहित दो लोगों की मौत हो गई। नीमका थाना के झीर की चौकी में आज एक सड़क दुर्घटना में 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। ये दुर्घटना ट्रैक्टर ट्राली को ट्रेलर द्वारा टक्कर मारने से हुई। ट्रैक्टर ट्रॉली बेकाबू होकर खाई में जा गिरी। घायलों को नीमका थाना के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

000

राज्य के कुछ हिस्सों में हाल की आंधी बारिश के बावजूद दिन का पारा लगातार चढ रहा है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार 4 स्थानों पर पारा 42 डिग्री या उससे ऊपर रिकॉर्ड किया गया है। इनमें अलवर, करौली, धौलपुर और गंगानगर शामिल है। इसके अलावा कई अन्य स्थानों पर पारा 40–41 डिग्री चल रहा है। मौसम विभाग ने कहा है कि आगामी 5–6 दिन राज्य में मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा हालांकि गंगानगर, हनुमानगढ क्षेत्रों में आगामी 48 घंटों में आंशिक बादल छाये रहने और बूंदा–बांदी की संभावना है। इसके अलावा एक और कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के असर से 29–30 अप्रैल को बीकानेर संभाग में आंधी चलने की संभावना है।

000

बीकानेर में आचार्य तुलसी कैंसर अस्पताल और रिसर्च सेंटर की ओर से दो दिन की हिमेटोलॉजी सिंपोजियम आज से शुरू हुई। आयोजित समिति के सचिव डॉ. पंकज टांटिया ने बताया कि पहले दिन ब्लड बैंक, पैथोलॉजी, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन, पीडीया वर्कशॉप में कुल 125 डॉक्टर्स ने प्रशिक्षण लिया। डॉ. टांटिया ने बताया कि इस राष्ट्रीय सेमीनार के लिये पूरे देश से लगभग 350 से अधिक पंजीकरण हुए हैं।

000

आईपीएल क्रिकेट में आज राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जाएंट्स के साथ होगा। ये मैच लखनऊ में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। अंकतालिका में चोटी पर चल रही राजस्थान की टीम ने इससे पहले के मैच में लखनऊ की टीम को शिकस्त दी थी। प्ले ऑफ में जगह बनाने के लिए लखनऊ की टीम के लिए आज का मैच महत्वपूर्ण है।

000